3

Title: Re: Investigation by Central Forces into killing of innocent Officials, Soldiers in Chhatisgarh.

श्री विजय बघेल (दुर्ग): माननीय सभापति महोदय, मुझे बड़े दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस शासित हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में अशांति और दहशत का माहौल है । वहां भय का वातावरण है । शराब और नशे की वस्तु का खुला बाजार चल रहा है । वहां जुआ, सट्टा और भ्रष्टाचार का माहौल है । ईडी के छापे में मुख्य मंत्री के प्रिय अधिकारी एवं उसके कांग्रेसी सिपहसालार आज जेल में हैं । वहां खुलेआम लूट-पाट, चोरी, बलात्कार एवं हत्याएं हो रही हैं । आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र में सरकार के संरक्षण में नक्सिलयों द्वारा भाजपा के निर्दोष पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की खुलेआम हत्या की जा रही है । साथ ही, वीर सैनिकों की भी हत्या की जा रही है । मैं उन्हें अपनी ओर से शोक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं ।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय गृह जी से निवेदन करूंगा कि केंद्रीय एजेंसियों से इसकी जांच कराकर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि हमारे यहां की जनता को राहत मिल सके ।